प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 105 / 2026)
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 28 जुलाई 2026 तत्काल प्रकाशन हेतु


भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने बिहार एलएसए के तहत झारखंड राज्य के गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में गोड्डा, देवघर तथा दुमका जिले के कुछ हिस्सों और उसके आस-पास के इलाकों में मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) ने मई 2026 के महीने के दौरान सामान्य दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए बिहार एलएसए के तहत झारखंड राज्य के गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में गोड्डा, देवघर तथा दुमका के कुछ हिस्सों और उसके आस-पास के इलाकों में स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (IDT) के निष्कर्ष जारी किए हैं। ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSPs) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की वास्तविक समय गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान, ट्राई कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट(CDR), कॉल सेटअप सक्सेज रेट(CSSR), डाटा डाउनलोड (DL) और अपलोड (UL) थ्रूपुट आदि जैसे जैसे प्रमुख सेवा गुणवत्ता (QOS) पैरामीटरों के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन को दर्ज किया जाता है और उन्हे उपभोक्ताओं की जानकारी और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित किया जाता है ताकि टीएसपी अपनी सेवाओं में सुधार कर सकें।

2. आईडीटी को शहरों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विविध उपयोग वाले वातावरण में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के जमीनी मोबाइल नेटवर्क के प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रकार के ड्राइव टेस्ट में 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी टीएसपी के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत टेस्ट हैंडसेट का उपयोग किया जाता है और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके वास्तविक समय में सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

3. भादूविप्रा ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से 16 जून 2026 से 20 जून 2026 के दौरान बिहार एलएसए तहत झारखंड राज्य में सिटी ड्राइव –486.7 किमी, हॉटस्पॉट लोकेशंस- 17, वाक टेस्ट– 2.1 किमी पर टेस्ट आयोजित किए। ये टेस्ट भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता की देखरेख में आयोजित किए गए थे। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत अवलोकन ड्राइव टेस्ट के संचालन के दिन/समय पर टेस्ट के तहत क्षेत्रों/मार्ग में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करते हैं।

4. ड्राइव टेस्ट रुप मैप: मानचित्र पर दर्शाए गए संकेतों के अनुसार, निम्नांकित मानचित्र, रेलवे ड्राइव, हाईवे ड्राइव, सिटी ड्राइव, हॉटस्पॉट, वॉक टेस्ट और इंटर-ऑपरेटर कॉलिंग सिटी ड्राइव, इंटर-ऑपरेटर कॉलिंग टेस्ट को दर्शाता है:




**5.** प्रमुख मूल्यांकित पैरामीटर:

क) कवरेज गैप: नमूनों का प्रतिशत, जिसके लिए सिग्नल की शक्ति संबंधित तकनीक (2G/3G/4G/5G) के लिए न्यूनतम निर्धारित सिग्नल शक्ति से कम देखी गई।

ख) वॉयस सर्विसेज : कॉल सैट अप सक्सेज रेट(CSSR), ड्रॉप कॉल रेट(DCR), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (MOS) ।

ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस: कॉल के दौरान कितनी कॉल साइलेंस इंस्टेंस हुईं।

घ) डाटा सर्विसेज : डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्राप रेट ।

6. देवघर, गोड्डा और दुमका जिलों के कुछ हिस्सों और आसपास के क्षेत्रों को शामिल करते हुए गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रमुख मापदंडों के लिए समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को नीचे संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है:

क) कवरेज गैप- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में सिटी ड्राइव टेस्ट रूट पर वॉयस टेस्टिंग के दौरान देखी गई सिग्नल की शक्ति, जिसे एकत्र किए गए कुल नमूनों में से खराब सिग्नल शक्ति वाले नमूनों की संख्या के रूप में मापा गया, एयरटेल के लिए 2497/70837, बीएसएनएल के लिए 22508/60345, आरजेआईएल के लिए 1643/67940 और वीआईएल के लिए 20905/56842 था। कवरेज गैप का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ख) ड्राप्ड काल्स- ड्रॉप कॉल, जिसे सफलतापूर्वक स्थापित कॉल की संख्या में से ड्रॉप कॉल की संख्या के रूप में मापा जाता है, एयरटेल के लिए **0**/498, बीएसएनएल के लिए **23**/344, आरजेआईएल के लिए **1**/505 और वीआईएल के लिए **25**/402 थे। ड्रॉप किए गए कॉल स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस- स्थापित कुल कॉल में से >3 सेकंड के लिए देखी गई साइलेंस इंस्टेंस की कुल संख्या के रूप में मापी गई कॉल साइलेंस इंस्टेंस एयरटेल के लिए **16**/492, बीएसएनएल के लिए **47**/362, आरजेआईएल के लिए **4**/486 और वीआईएल के लिए **51**/285 थे। कॉल साइलेंस इंस्टेंस स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

घ) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट:

**i)** डाटा डाउनलोड प्रदर्शन (समग्र): एयरटेल (**5G/4G**) के लिए औसत डाउनलोड स्पीड 90.75 Mbps, बीएसएनएल (**4G/2G**) के लिए 6.84 Mbps, आरजेआईएल (**5G/4G**) के लिए 182.22 Mbps और वीआईएल (**4G/2G**) के लिए 24.73 Mbps दर्ज की गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है

**ii)** डाटा अपलोड प्रदर्शन (समग्र): एयरटेल (5G/4G) के लिए औसत अपलोड स्पीड 8.00 Mbps, बीएसएनएल (4G/2G) के लिए 3.00 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) के लिए 7.00 Mbps और वीआईएल (4G/2G) के लिए 8.0 Mbps देखी गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ड्राप्ड कॉल और कॉल साइलेंस इंस्टेंस के स्थान मानचित्र पर लाल बिंदु पर क्लिक करके संलग्न अनुलग्नक में देखे जा सकते हैं।

7. आई.डी.टी. के दौरान ड्राइव टेस्ट रुट और क्षेत्र का विवरण इस प्रकार हैः

क) सिटी - सिटी ड्राइव में शामिल क्षेत्रों में शामिल हैं- देवघर, गोड्डा और दुमका जिलों के शहरों और आसपास के क्षेत्रों में बुरहाई, मधुपुर, मारगोमुंडा, करोन, सारथ, सिकातिया, घोरमारा, देवघर, हंसडीहा, नोनीहाट, पोरेयाहाट, गोड्डा, पथरमा, बसंतराई, हनवाड़ा आदि।

ख) हौटस्पॉट- हॉट स्पॉट लोकेशंस, स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव कैप्चर करते हैं,- (i) एम्स देवघर; (ii) बासुकीनाथ मंदिर-काली मंदिर चौक-साहिबगंज के निकट (iii) बोअरीजोर ब्लॉक कार्यालय-बारा बोअरीजोर; (iv) डीसी कार्यालय-गोड्डा-धर्ममुडीह; (v) डिग्री कॉलेज महागामा-कटबैकल-महागामा; (vi) दिल्ली पब्लिक स्कूल देवघर-गांव डुमाटानर-लकड़ा मौजा के पास-प्लॉट नंबर 06; (vii) देवघर जिला न्यायालय-विलियम्स टाउन-देवघर; (viii) देवघर प्रधान डाकघर-सिंघो निकट बुटांगी मोड़; (ix) गोड्डा बस स्टैंड-गांधी मैदान-प्रोफेसर कॉलोनी-गोड्डा; (x) गोड्डा कॉलेज-रामगढ़ मोड़-गोड्डा-पुंसिया के पास; (xi) मधुपुर कॉलेज-झारखंड-मधुपुर; (xii) पंचायत कार्यालय पिपरा; (xiii) सदर अस्पताल देवघर-झोषगारी-देवघर; (xiv) सदर अस्पताल-गोड्डा-देवघर पीरपैंती रोड-गोड्डा के पीछे; (xv) सत्संग आश्रम-रीना मंडल रोड-सत्संग नगर-देवघर; (xvi) श्री बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर-देवघर-झारखंड; (xvii) त्रिकुट पर्वत।

ग) वाक टेस्ट- 16 से 17 जून 2026 के दौरान आयोजित वॉक टेस्ट में: (i) जसीडीह रेलवे स्टेशन-जसीडीह; (ii) मधुपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन, भीड़-भाड़ वाले पैदल यात्री परिवेश में मोबाइल नेटवर्क व्यवहार को कैप्चर किया गया।

8. आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को उनके स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए प्रेषित किया जा चुका है। आईडीटी की विस्तृत रिपोर्ट ट्राई की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध करवाई गई है। किसी भी अतिरिक्त जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए adv.kolkata@trai.gov.in पर मेल भेजा जा सकता है या ट्राई के क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता से दूरभाष सं *91-33-22361401* पर संपर्क किया जा सकता है।

कौशिक

(कौशिक मुखर्जी)
सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का. कोलकाता

अनुलग्नक


1. देवघर, गोड्डा और दुमका जिलों के कुछ हिस्सों और आसपास के क्षेत्रों को शामिल करते हुए गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र (सिटी ड्राइव)

क) कवरेज गैप – वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या | 70837 | 60345 | 67940 | 56842 |
| खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या | 2497 | 22508 | 1643 | 20905 |
| सीमित सेवा (बिना कवरेज) वाले नमूनों की संख्या | 0 | 3274 | 0 | 3468 |

नोट: सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी गई है जब वह 5G और 4G के लिए -110 dBm, 3G के लिए -90 dBm और 2G के लिए -85 dBm से नीचे आती है।

देखा गया कवरेज गैप





नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है

ख) ड्राप्ड काल्स-ऑटो-सिलेक्शन मोड(5G/4G/3G/2G) में ड्राप्ड कॉल का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| **स्थापित सफल कॉल की संख्या** | 498 | 344 | 505 | 402 |
| ड्राप्ड **कॉल की संख्या** | 0 | 23 | 1 | 25 |

ड्राप्ड काल्स के स्थान





नोट: ड्रॉप्ड कॉल स्थानों को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है

ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G) में कॉल साइलेंस इंस्टेंस का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित कॉलों की संख्या (सेवा प्रदाता नेटवर्क के भीतर) | 492 | 362 | 486 | 285 |
| कॉल साईलेंस संख्या > 3 सेकंड के लिए | 16 | 47 | 4 | 51 |
| >3 सेकंड के लिए कॉल साईलेंस इंस्टेंसेस की कुल संख्या | 25 | 76 | 4 | 84 |

काल्स साईलेंस के स्थान






नोट: कॉल इंस्टांसेज को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है


घ) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट: ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लए घो षत व शष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के मुकाबले औसत डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट का टीएसपी-वार ववरण नीचे दिया गया है: The


**(i)** डाउनलोड थ्रूपुट

| मानदंड | माप प्रकार | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (4G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 18.00 | 5.00 | 15.00 | 15.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 90.75 | 6.84 | 182.22 | 24.73 |
















## ii) अपलोड थ्रूपुट

| मानदंड | माप प्रकार | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (4G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 8.00 | 3.00 | 7.00 | 8.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 22.05 | 3.88 | 20.51 | 9.16 |




नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है